☎ 2286710, 2286709

राज्य नगरीय विकास अभिकरण

नव चेतना केन्द्र, 10 अशोक मार्ग,
लखनऊ–226001
website-www.sudaup.org

पत्रांकः–2715/01/29/HFA-11/2017–18

दिनांकः– 12 अक्टूबर, 2017

आवश्यक / महत्वपूर्ण

समस्त परियोजना अधिकारी
जिला नगरीय विकास अभिकरण,
उत्तर प्रदेश।

विषयः–**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा स्वीकृत डीपीआर के लाभार्थियों के सम्बन्ध में।**

उपर्युक्त विषयक सूडा के पत्रांक–1776/01/29/एचएफए–10/2017–18 दिनांक 10 अगस्त, 2017 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा स्वीकृत डीपीआर के अनुसार ग्राउण्डिंग से पूर्व डूडा द्वारा लाभार्थी को भवन निर्माण की स्वीकृति हेतु पत्र जारी किये जाने की अपेक्षा की गयी थी।

तत्क्रम में अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा अभी तक कुल 74 जनपदों की 475 नगर निकायों में 1,61,603 आवासों की डी0पी0आर0 स्वीकृत की जा चुकी है, जिनकी सूची सूडा की वेबसाइट www.sudaup.org पर उपलब्ध है। उक्त आवासों की ग्राउण्डिंग का कार्य प्रारम्भ कराये जाने से पूर्व लाभार्थी को भवन निर्माण की स्वीकृति हेतु पत्र जारी किया जाना है। तत्पश्चात् लाभार्थी से रु0 10/– के नॉन जुडिशियल स्टॉम्प पेपर पर शपथ पत्र भी लिया जाना है, जिनका प्रारूप भी सूडा की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि तत्काल ग्राउण्डिंग का कार्य प्रारम्भ करने हेतु चयनित कन्सलटेन्ट के सहयोग से लाभार्थी को स्वीकृति पत्र जारी करने का कष्ट करें।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक

प्रतिलिपिः–

1. श्री योगेश आदित्य, सहा0 परियोजना अधिकारी/वेब मास्टर, सूडा, लखनऊ।
2. समस्त डीपीआर प्रिपेरेशन एवं पी0एम0सी0 कन्सलटेन्ट्स को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
निदेशक

HFA/14